राजभाषा हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन

हिंदी अनुभाग, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून और राजभाषा प्रकोष्ठ, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, भा.वा.अ.शि.प. (मु.) के सौजन्य से वन अनुसंधान संस्थान में दिनांक 18 नवंबर, 2025 को **"राजभाषा हिंदी का प्रगामी प्रयोग"** विषय पर एक दिवसीय राजभाषा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारम्भ में कुलसचिव महोदय ने विषय विशेषज्ञ श्री पूरन चंद्र विश्वकर्मा, जी को एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया तथा श्री विश्वकर्मा जी का सभा के समक्ष संक्षिप्त परिचय दिया।

कार्यशाला में श्री विश्वकर्मा जी ने सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग पर प्रतिभागियों की राजभाषा के प्रति जिज्ञासा बढ़ाते हुए बहुत रोचक ढंग से पीपीटी के माध्यम से राजभाषा संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने राजभाषा हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारत की सामासिक संस्कृति की विशेषताओं को उजागर किया। अपने व्याख्यान में राजभाषा से संबन्धित नियमों और अधिनियमों को बहुत ही सरल ढंग से सभी के समक्ष रखा। कार्यशाला के अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत रुचि दिखाई।

कार्यशाला का समस्त संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का सफल समापन हुआ।

कार्यशाला की झलकियां